डीएसजे के विद्यार्थियों ने मेवाड़ विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में जीते पुरस्कार

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ़ जर्नलिज्म के विद्यार्थियों ने मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौड़गढ़ ,राजस्थान में आयोजित ÷अखिल भारतीय श्री नंदलाल गादिया स्मृति वाद-विवाद प्रतियोगिता÷ में पुरस्कार प्राप्त करके संस्थान का मान बढ़ाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसजे के मानद निदेशक प्रो. जय प्रकाश दुबे ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन 29 फ़रवरी से 1 मार्च 2024 के बीच मेवाड़ विश्वविद्यालय में किया गया था। इस राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में देश भर के 100 से अधिक महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों ने भाग लिया था। प्रो. दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के हिन्दी वर्ग में डीएसजे के चिराग झा और हर्षित भाटिया की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह अंग्रेजी वर्ग में डीएसजे के दीपांशु झा और सुजल शर्मा की जोड़ी ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त चिराग झा को हिन्दी वर्ग में सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में भी पुरस्कृत किया गया। उन्होंने बताया कि दिल्ली स्कूल ऑफ़ जर्नलिज्म के ये छात्र महाविद्यालय के वाद-विवाद समिति चौपाल के सदस्य हैं। डीएसजे के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर दिल्ली स्कूल ऑफ़ जर्नलिज्म के मानद निदेशक प्रो. जेपी दुबे सहित सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। पुरस्कृत विद्यार्थियों ने अपनी इस जीत का श्रेय कॉलेज के पाठ्येतर गतिविधियाँ और समितियों के समन्वयक मिथिलेश कुमार पाण्डेय और वाद-विवाद समिति के फैकल्टी सलाहकार अंजुम शर्मा को दिया।